## खबर संक्षेप



### 52वें वार्षिक उत्सव पर 28 फरवरी को होगा दो दिवसीय सम्मेलन

**रादौर।** आर्य समाज मंधार के तत्वावधान में 52 वें वार्षिक उत्सव के रूप में 2 दिवसीय विशाल आर्य सम्मेलन का आयोजन गांव मंधार में किया जा रहा हैं। जिसमें प्रसिद्ध भजनोपदेशक व आर्य समाज के प्रसिद्ध विद्वान अपने विचार रखेंगे। जानकारी देते हुए आर्य समाज मंधार के संरक्षक मास्टर सत्यदेव आर्य व मंत्री कुलदीप आर्य ने बताया कि 28 फरवरी व 1 मार्च को आर्य समाज भवन मंधार में विशाल आर्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 2 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में वेदों के प्रगाढ़ ज्ञाता गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य जयपाल आर्य द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन सन्देश पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रसिद्ध उपदेशिका संगीता आर्य द्वारा भारतीय वीरो के गौरवशाली इतिहास एवं वैदिक श्री राम कथा का गायन किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए आर्य समाज मंधार के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री ने प्रतापनगर में विकास कार्य करवाने का जताया दावा

# हरियाणा को अग्रणीय पथ पर लेकर जा रहे हैं मुख्यमंत्री सैनी : कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य को अग्रणीय पथ पर लेजाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बुधवार को जगाधरी में बातचीत करते हुए उक्त बात कही।


पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि नवंबर 2014 से लेकर पिछली भाजपा सरकारों में विधानसभा स्पीकर एवं कैबिनेट मंत्री पद पर रहते हुए जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के प्रतापनगर में करोड़ों रुपये के ऐतिहासिक विकास कार्य करवाए हैं। अब वर्तमान में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा सरकार के माध्यम से वह लगातार विकास कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकारों ने ब्लाक प्रताप नगर में सैंकड़ों करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य करवाए गए हैं। जिनमें मुख्य रुप से प्रतापनगर में सब तहसील कार्यालय, पटवार कार्यालय, बिजली बोर्ड सबडिवीजन कार्यालय, ब्लाक पंचायत विभाग कार्यालय, नया बस स्टैंड, नई आईटीआई, नया सरकारी कॉलेज, अस्पताल को अपग्रेड करके बडा बनाना, कैल से लेकर ताजेवाला तक नया नेशनल हाईवे बायपास बनवाना आदि शामिल हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रतापनगर क्षेत्र के लगभग सभी गांवों में हरियाणा सरकार के माध्यम से ग्रांट भिजवाकर विकास कार्य करवाना मुख्य उदेश्य है। इसके अलावा प्रतापनगर क्षेत्र में फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट मंजूर करवाना व सचिवालय बनाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। मंडल प्रताप नगर क्षेत्र के बहुत से गांवों में नदियों के ऊपर पुल निर्माण करवा कर हजारों लोगों को राहत देने का प्रयास उन्होंने भाजपा सरकार में लगातार किया है।



**यमुनानगर।** जगाधरी में मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि उन्होंने हमेशा विकास की राजनीति की है। वह पहले भी क्षेत्र की जनता के सुख दुख में साथ थे व आज भी वह अपने क्षेत्र की जनता के बीच सक्रिय रहकर कार्य कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

### हरियाणा सरकार बुढ़ापा समेत दिव्यांगता की 21 कैटेगरी को दे रही है पेंशन: अरोड़ा



*यमुनानगर। हरियाणा की भाजपा सरकार वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं के साथ दिव्यंगता की सभी 21 कैटेगरी को पैंशन दे रही है। वहीं, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों की शादी के लिए 71 हजार रुपये की आर्थिक सहायता की जा रही हैं। उक्त जानकारी यमुनानगर के भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने दी। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि दयालु योजना के तहत अंतर्गत 1 लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवारों को मृत्यु या दिव्यागंता की स्थिति में 5 लाख तक की आर्थिक सुरक्षा दी जाती हैं। अब तक इस योजना के अंतर्गत 49 हजार 983 लाभार्थियों को 1881 करोड़ की मदद दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 56 हजार से अधिक मकान बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत 14 शहरों में 30 वर्ग गज के 15 हजार 256 प्लॉट दिए गए हैं तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 12 हजार 561 प्लाट दिए हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 23 वर्ष से अधिक आयु की 9 लाख 22 हजार 452 लाभार्थी बहनों को 634 करोड़ रुपये की राशि दी चुकी जा चुकी है। ड्रोन दीदी योजना के तहत 33 दीदियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कृषि प्रधान प्रदेश हरियाणा में किसानों की उत्पादन लागत कम हो तथा उत्पादन बढ़े इसके लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कार्यरत है। विधायक अरोड़ा ने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने लगभग 1 लाख 80 हजार कर्मचारियों को नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर में 7 हजार 272 करोड़ रुपये की लागत से 800 मेगावाट का अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल यूनिट लगाई जा रही है। ताकि भविष्य की जरूरत को पूरा किया जा सके।*



**यमुनानगर।** रादौर स्थित अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलते प्रबंधन कमेटी के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## प्राचीन गुरुद्वारा साहिब की जर्जर इमारत ठीक करवाने की मांग

### प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सैनी से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- मश्री गुरुद्वारा साहिब जी प्रबंधक कमेटी जठलाना को मुख्यमंत्री ने जल्द गुरुद्वारे की इमारत बनाए जाने का आश्वासन दिया

कस्बा रादौर के गांव जठलाना में गुरुद्वारा साहिब की जर्जर इमारत को सही करवाने को लेकर प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला। प्रतिनिधि मंडल सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में श्री गुरुद्वारा साहिब जी प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के साथ सीएम से मिला। उन्होंने मांग पत्र देकर कहा कि गांव जठलाना में प्राचीन गुरुद्वारा साहिब की इमारत बहुत जर्जर हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि प्राचीन गुरूद्वारा साहिब में गुरबाणी का पाठ व कीर्तन सुबह शाम होता है। गुरुद्वारे की इमारत बहुत ही खस्ता हो चुकी है। इसी मांग को लेकर वे अपना मांग पत्र लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंचे हैं। श्री गुरुद्वारा साहिब जी प्रबंधक कमेटी जठलाना को मुख्यमंत्री ने जल्द गुरुद्वारे की इमारत बनाए जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संज्ञान लेते हुए ओएसडी को इस बारे में मुझे जल्द सूचित करने बारे कहा। इस अवसर पर प्रधान मनिंदर सिंह प्रधान, कमल मक्कड़, योगराज कांबोज, जगन चौहान, राजू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज में एक्सटेंशन लेक्चर हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज में जॉब हासिल करने के तरीके को लेकर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. प्रभजोत कौर मुख्यरूप से मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि लेक्चर का मकसद स्टूडेंट्स को जॉब इंटरव्यू में अच्छा करने के लिए जरूरी इंटरव्यू स्किल्स, प्रोफेशनल कंडक्ट, कम्युनिकेशन टेक्नीक और कॉन्फिडेंस-बिल्डिंग स्ट्रेटेजी के बारे में गाइड करना था। डॉ. प्रभजोत कौर ने इंटरव्यू के दौरान फार्स्ट इंप्रेशन, सही बॉडी लैंग्वेज और इफेक्टिव रिस्पॉन्स स्ट्रेटेजी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि ऐसे करियर ओरिएंटेड प्रोग्राम स्टूडेंट्स की एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स को बढ़ाने और उन्हें कॉन्फिडेंस के साथ कॉम्पिटिटिव चैलेंजेस का सामना करने के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। ट्रेनिंग और एम्प्लॉयमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा ने कहा कि सेल स्किल डेवलपमेंट एक्टिविटीज ऑर्गनाइज करने के लिए कमिटेड है जो एकेडमिक नॉलेज और इंडस्ट्री की उम्मीदों के बीच के गैप को कम करती हैं। गवर्निंग बॉडी और मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि मैनेजमेंट लगातार उन पहलों को सपोर्ट करता है।



### मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में खेलकूद स्पर्धा



**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में 55 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन लड़कों की ट्रिपल जंप, 100 मीटर दौड़ व लड़कियों की ट्रिपल जंप, 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता कॉलेज के डीपी डॉ. महेंद्र सिंह आलमपुर की देखरेख में आयोजित की गई। खेल प्रतियोगिता में लड़कों की 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शिवम प्रथम, मोहित दूसरे व रोहित तीसरे स्थान पर रहा। वहीं ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में आर्यन प्रथम, तुषार दूसरे व भूपेश तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मन्नत प्रथम, महक दूसरे व खुशी तीसरे स्थान पर रही। वहीं ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में महक पहले, वंदना दूसरे व मन्नत तीसरे स्थान पर रही। मौके पर मौजूद डीपी डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, लंबी व ऊंची कूद, साइकिल रेस, रस्सा कस्सी के मुकाबले होगें। लड़के व लड़कियों में प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को बेस्ट एथलीट के अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। विजेताओं को स्वर्ण, कांस्य व रजत पदकों से सम्मानित किया जायेगा। वहीं उन्हे प्रमाणपत्र भी दिये जायेगें। वहीं उन्हे प्रमाणपत्र भी दिये जायेंगे।

## मक्का का बीज ब्लैक में मिलने से किसान हैं परेशान : गुंदियाना

**संजू गुंदियाना ने की ब्लैक में बीज बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय किसान यूनियन(चढूनी) ने कुछ बीज विक्रेताओं पर मक्का का बीज ब्लैक में बेचने का आरोप लगाया है। भाकियू के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने सरकार व जिला प्रशासन से ब्लैक में मक्का का बीज बेचने वाले दुकानदारों व बीज विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। यूनियन के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने कहा कि किसानों को मक्के का बीज नहीं मिल रहा है। आज किसानों द्वारा अपने खेतों में मक्के की फसल की बुआई की जा रही है। लेकिन पाइनर कम्पनी का 1899 बीज कुछ डिलरो द्वारा ब्लैक में दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीज की थैली पर जो रेट लिखा है वह लगभग 2750 रुपये है। लेकिन कुछ बीज विक्रेताओं व दुकानदारों द्वारा किसानों को बीज 3000 रुपये से लेकर 3500 रुपये तक बेचा जा रहा है। जो किसानों के लिए अन्याय है। वहीं, कंपनी और कृषि अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं और हाथ पर हाथ रखकर बैठे हैं। बीज की कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से जो भी दुकानदार बीज की कालाबाजारी कर रहा है उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की। किसानों को आलू व सरसों की फसल के बाद खेतों में मक्के की फसल की बिजाई करनी है।



## प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों की वास्तविक प्रगति से उनके अभिभावकों को करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में अभिभावक व शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने बैठक का शुभारंभ किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि अभिभावक व शिक्षक बैठक के आयोजन करने का मुख्य उदेश्य अभिभावकों में विद्यार्थियों के विकास के प्रति सजगता के लिए अवगत करवाना रहा। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा अपने विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए किए जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में अभिभावक व शिक्षक बैठक का काफी महत्व है। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान अभिभावकों द्वारा संस्थान के विभागों में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध विभिन्न आधारभूत एवं नवीन तकनीकों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कॉलेज स्तर इस प्रकार के आयोजनों में अपने सहयोग को आगे भी जारी रखने की बात कही। प्राध्यापकों द्वारा सभी अभिभावकों से विद्यार्थियों की वास्तविक प्रगति पर विचार विमर्श किया गया। जिस पर अभिभावकों ने अपनी संतुष्टि जाहिर करते हुए विद्यार्थियों के विकास का श्रेय संस्थान की कार्यशैली एवं उच्च स्तरीय मानकों को दिया। अभिभावकों द्वारा संस्थान द्वारा नियमित कक्षाओं एवं अन्य प्रयासों की भी जमकर सराहना की। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने अभिभावकों से संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयत्नों पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों के करियर को लेकर अभिभावकों की सजगता की जमकर प्रशंसा की। संस्थान विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने लायक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरने के लिए हर भरसक प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का कक्षाओं में उपस्थिति के साथ साथ अन्य गतिविधियों जैसे एनएसएस, एनसीसी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी पूरी ऊर्जा के साथ सक्रिय होना अति आवश्यक है। सभी विभागों के अध्यक्षों ने भी विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट पर अपने विचार रखें।



**यमुनानगर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित बैठक में अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति रिपोर्ट बताते हुए प्राध्यापक।

## स्वच्छता हम सभी की है जिम्मेदारी : मोनिका

### होली मदर पब्लिक स्कूल में स्वच्छता हीरोज ऐप के तहत आयोजित किया स्वच्छता कार्यक्रम

- विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में बुधवार को नगर निगम व स्नेह सेवा ट्रस्ट द्वारा शुरु किए गए स्वच्छता हीरोज ऐप के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वच्छता हीरोज ऐप व नगर निगम की नई डिजिटल सुविधाओं के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने कहा कि स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नगर निगम की नई डिजिटल सुविधाओं की जानकारी देना रहा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि स्वच्छता हीरोज ऐप के माध्यम से वह अपने आसपास की समस्याओं की शिकायत आसानी से दर्ज कर सकते हैं। विद्यार्थियों को ऐप में उपलब्ध क्विज प्रतियोगिता की जानकारी भी दी गई। जिससे वे स्वच्छता से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देकर ज्ञान बढ़ा सकते हैं। मौके पर विद्यार्थियों को पांच प्रकार के डस्टबिन जैसे हरा, नीला, काला, पीला व लाल के बारे में विस्तार से समझाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे स्वयं भी स्वच्छता का ध्यान रखें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए जागरूक करें। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के चेरयमैन जीएस शर्मा ने कहा कि डिजिटल माध्यमों का सही उपयोग कर हम अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। उन्होंने नगर निगम की इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों से स्वच्छता ऐप का अधिक से अधिक उपयोग किए जाने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विश्वास शर्मा भी मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में आयोजित स्वच्छता हीरोज ऐप के बारे में बच्चों को जागरुक करते हुए वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

## पलाका में बनाए जा रहे पोल्ट्री फार्म को बंद करवाने को लेकर प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव पलाका में कथित रूप से लगभग ढाई एकड़ में बनाए जा रहे पोल्ट्री फार्म के निर्माण कार्य को बंद करवाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को दसवें दिन भी धरना प्रदर्शन किया। गांव के सैकड़ों लोगों ने धरना कमेटी के प्रधान एवं पूर्व सरपंच जागीर सिंह के नेतृत्व में धरना स्थल पर नारेबाजी की और प्रशासन से पोल्ट्री फार्म को तुरंत बंद करवाए जाने की मांग की।

वहीं, दसवें दिन भी विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। बुधवार को पलाका के सैंकड़ो ग्रामीण दसवें दिन भी धरना प्रदर्शन कमेटी के प्रधान एवं पूर्व सरपंच जागीर सिंह के नेतृत्व में धरना स्थल पर पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे।



**यमुनानगर।** पलाका में पोल्ट्री फार्म बनाए जाने के विरोध में धरना देते ग्रामीण।

### निर्माण कार्य बंद नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे

उन्होंने सरकार व प्रशासन से पोल्ट्री फार्म के निर्माण कार्य को तुरंत बंद करवाए जाने की मांग की। मौके पर धरना प्रदर्शन कमेटी के प्रधान जागीर सिंह, सरपंच बलबीर सिंह, रंजीत सिंह पंच, शिवकुमार पंच, प्रियंका पंच, दिव्य रानी पंच, रमेश नंबरदार, तेजपाल, श्यामलाल, रामरतन, मामचंद, जयसिंह, अमित कुमार, जसविंदर सिंह, राजकुमार, जगमाल सिंह, गुरदयाल सिंह, मांगेराम व मेनपाल आदि ने बताया कि गांव में अवैध रूप से पोल्ट्री फार्म बनाए जाने के मामले को लेकर पूरा गांव एक है। गांव में कोई भी व्यक्ति पोल्ट्री फार्म बनाए जाने के पक्ष में नहीं है। गांव में पोल्ट्री फार्म बनने से लोगों को प्रदूषण के कारण भयंकर बीमारियों का सामना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार द्वारा पोल्ट्री फार्म को जल्द बंद नहीं करवाया गया तो वह इससे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### अतिरिक्त निगम आयुक्त ने सभी दरोगाओं को अपने क्षेत्र में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

# सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था पर रहे फोक्स : धीरज कुमार

**बैठक में संसाधनों के बेहतर उपयोग और फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को लेकर तैयारियों में तेज कर दी गई है। जहां नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन की टीम रोजाना विभिन्न गतिविधियां कर शहरवासियों में स्वच्छता की अलख जगा रही हैं, वहीं निगम प्रशासन द्वारा शहर को साफ एवं सुंदर व स्वच्छ बनाने के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में बुधवार को अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने सफाई दरोगाओं की बैठक ली। बैठक में शहर की वर्तमान स्वच्छता व्यवस्थाए सफाई कार्यों की निगरानी, संसाधनों के बेहतर उपयोग और फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने सभी दरोगाओं को अपने अपने क्षेत्र में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 नगर निगम के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर हैए जिसके माध्यम से शहर की स्वच्छता छवि को राष्टÑीय स्तर पर बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी सफाई दरोगाओं को निर्देश दिए कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में सफाई कर्मियों को स्पष्ट रूप से एरिया आवंटित करेंए ताकि प्रत्येक वार्ड और मोहल्ले में नियमितए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सफाई सुनिश्चित हो सके। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कचरा समय पर उठेए सार्वजनिक स्थलोंए बाजारोंए पार्कों और मुख्य सड़कों की सफाई पर विशेष फोक्स रखा जाए। यदि किसी क्षेत्र में कोई व्यक्ति खुले में कचरा फेंकता हुआ पाया जाता है अथवा कोई दुकानदार प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करता हैए तो उसके विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाए।



**यमुनानगर।** बैठक में सफाई दरोगाओं को निर्देश देते अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

### अपने शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग दें

मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रुति ने कहा कि प्रदेश को स्वच्छए साफ व सुंदर बनाने के लिए सरकार अनेक प्रयास कर रही है। हम भी सरकार के इस प्रयास में सहयोगी बने और अपने शहर को स्वच्छ व साफ बनाने में अपना योगदान दें। स्वच्छ भारत मिशन के सलाहकार लोकेश सेन ने कहा कि नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा भी लगातार शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न जागरूकता गतिविधियोंए संवाद कार्यक्रमों और जनसहभागिता अभियानों के माध्यम से लोगों को कचरा पृथक्करणए घर के बाहर कचरा न फेंकने और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बैठक के दौरान सभी से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंए ताकि नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर रैंक दिलाई जा सके।

